04 -JULY- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 7/4/2026 8:44 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 5 जुलाई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

विशेष संरक्षित जनजाति का दर्जा पाने आयोग में करना होगा आवेदनः लकड़ा



**खबर संक्षेप**



### आदिवासी समुदाय ने सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र

**जशपुरनगर।** जिले के अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.आशा लकड़ा को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर अनुसूचित क्षेत्रों से जुड़े संवैधानिक एवं भूमि अधिकार संबंधी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों में गठित नगर पालिका, नगर निगम एवं नगर पंचायतों को समाप्त किया जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन एवं अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन की योजनाएं केवल अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए लागू की जाएं तथा गैर-आदिवासियों के लिए ऐसी योजनाओं पर रोक लगाई जाए। संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत राज्यपाल की शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 को अनुसूचित क्षेत्रों में आवश्यक अपवादों एवं उपांतरणों के साथ लागू करने की मांग की गई है। पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित शरणार्थियों को पुनर्वास के तहत आवंटित भूमि के गैर-आदिवासियों को अंतरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

# जिले में पहली बार पिपरमिंट की व्यावसायिक खेती की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के कृषि इतिहास में एक नया और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने की तैयारी में है। अपनी अनूठी जलवायु और उपजाऊ मिट्टी के लिए मशहूर जशपुर में अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ नकदी फसलों (कैश क्रॉप्स) का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में जिले में पहली बार पिपरमिंट की व्यावसायिक खेती की शुरुआत की गई है, जिसे लेकर स्थानीय किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

जशपुर में पिपरमिंट की यह कल्टीवेशन कृषि क्षेत्र में किसी बड़ी क्रांति से कम नहीं है। सौगड़ा आश्रम के तत्वाधान में पहली बार प्रयोग के तौर पर 5 एकड़ भूमि में पिपरमिंट की फसल लगाई गई है। आश्रम की इस दूरदर्शी पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को आधुनिक, कम लागत और अधिक मुनाफा देने वाली खेती से जोड़ना है, ताकि क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता आ सके।

3 महीने में तैयार होगी फसल - आश्रम के मानस सिंह ने इस अनूठी खेती के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि घेराबंदी की जरूरत नहींः पिपरमिंट की खेती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके पौधों को मवेशी (गाय-बैल या अन्य जानवर) नहीं खाते हैं। इस वजह से किसानों को खेत की फेंसिंग या घेराबंदी करने में भारी-भरकम खर्च नहीं करना पड़ता।

**दवा से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक डिमांड-** पिपरमिंट एक ऐसी बहुउपयोगी फसल है जिसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बारहों महीने जबरदस्त मांग रहती है। औद्योगिक व औषधीय उपयोग किया जाता है इसका उपयोग बड़े पैमाने पर जीवन रक्षक दवाओं, कफ सिरप, पेन किलर बाम और विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों को बनाने में होता है।वही ब्यूटी और कॉस्मेटिक साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, माउथवॉश, फेसमास्क और कई तरह के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में पिपरमिंट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाता है। कम समय में बंपर मुनाफा- यह फसल महज 3 महीने (90 दिन) में पूरी तरह तैयार हो जाती है। शून्य बर्बादी इस पौधे का हर एक हिस्सा पत्ती से लेकर तना तक किसी न किसी रूप में उपयोग में आता है, जिससे किसानों को इस खेती में घाटे की गुंजाइश न के बराबर होती है।

**जिले के कृषि इतिहास में एक नवीन अध्याय प्रारंभ**



#### बदलेगी किसानों की तकदीर

जशपुर की धरती पर हुआ यह नया और आधुनिक प्रयोग आने वाले दिनों में यहां के किसानों की तकदीर और तस्वीर दोनों बदलने की पूरी ताकत रखता है। सौगड़ा आश्रम के इस सराहनीय और प्रेरणादायी प्रयास की अब पूरे जिले में जमकर तारीफ हो रही है।

#### तेल के साथ सूखे पत्तों की भी मचेगी धूम

इस खेती की सबसे खास बात यह है कि फसल तैयार होने के बाद जहां एक तरफ वैज्ञानिक विधि से पिपरमिंट के पौधों से कीमती तेल (मेन्था ऑयल) निकाला जाएगा, वहीं दूसरी तरफ इसके सूखे पत्तों की भी मार्केट में भारी डिमांड है। यानी जशपुर के किसानो के लिए यह फसल 'आम के आम और गुठलियों के दाम' वाली बात साबित होने जा रही है।

* **डभरा ।** आकाशीय बिजली की चपेट में आकर पति पत्नी की मौत हो गई। घटना डभरा थाना क्षेत्र के बसंतपुर की बताई जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बसंतपुर निवासी आनंद राम माली उम्र लगभग 50 वर्ष एवं उनकी पत्नी धोबनीन माली उम्र लगभग 45 वर्ष की गुरूवार 2 जुलाई को खदान की ओर काम करने गए थे। इस दौरान दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

## घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक एवं टॉर्च जब्त

# गौ हत्या के मामले में 4 गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना बागबहार क्षेत्र में गौवंश वध के मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो मोटरसाइकिल एवं टॉर्च बरामद कर विधिवत जब्त किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून 2026 को प्रार्थी खेमा निधि यादव, निवासी ग्राम बरखोरिया, थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ के द्वारा थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि चार व्यक्ति, दो मोटरसाइकिल एवं पैदल एक गौ वंश को लेकर थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखोरिया से मुडाबहला की ओर जा रहे थे। प्रार्थी के द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त गौ वंश को खरीदकर ले जाने की बात कही, किंतु उनके व्यवहार पर संदेह होने पर ग्रामीणों ने उनकी तलाश की। तलाश के दौरान ग्राम हल्दीझरिया के समीप खेत के गड्ढे में गौ वंश का वध किया हुआ धड़ पाया गया। घटनास्थल पर गाय की खाल, सिर, चारों पैर, कान का बिल्ला, रस्सी, गोबर एवं रक्त के निशान मिले। वहीं मांस काटने में प्रयुक्त लकड़ी का गुटका भी बरामद हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार मं अपराध क्रमांक 61/2026, छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 5, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की टीम के द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों को गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर



#### फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस की पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के अन्य फरार आ गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार प्रयासरत है। उनकी पता साजी जारी है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### इनकी रही भूमिका

मामले की कार्रवाई व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक अशोक कुमार पांडे, पी एस आई मोहन मरकाम, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सोनवानी, लव चौहान, आरक्षक अनिल चौहान व पवन पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

#### जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत गौ वंश वध के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है, मामले से जुड़े दो अन्य आरोपीयों को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है, जिनकी पतासाजी जारी है।






## खबर संक्षेप

### विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** छग विधानसभा का मानसून सत्र 13 से 17 जुलाई तक आहूत है। जिले में प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों का उत्तर समय-सीमा में तैयार कर शासन स्तर में प्रेषित किया जाना आवश्यक है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। अति आवश्यक कार्य, अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में संबधित कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति कार्यालय प्रमुख द्वारा किया जावेगा। इसके अतिरिक्त कार्यालय प्रमुख, विभाग प्रमुख कलेक्टर से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में बनिया टिकरा मिडिल स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी




**सेदम।** संकुल केंद्र मंगारी के मिडिल स्कूल बनियाटिकरा के कक्षा 8वी के 5 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जिससे छात्र छात्राओं सहित अभिभावक में हर्ष का माहौल है। बतौली के बनियाटिकरा मिडिल स्कूल के 5 छात्र छात्राएं करिश्मा पैकरा आ. चंदन राम,कमलेश्वरी पैकरा आ. सुखनाथ पैकरा, दीपांजल पैकरा आ. आसन राम, अभिमन्यु केहरी आ.ओम प्रकाश केहरी और अरुण तिर्की आ. बंधन तिर्की ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की है। अब इन बच्चों को अगले 4 वर्षों तक प्रतिमाह 1 हजार रुपये की अतिरिक्त छात्रवृत्ति प्राप्त होगी जिससे इन बच्चों के शिक्षा और सपनों को पूरे करने में मदद मिलेगी। बच्चों को इस परीक्षा में सफलता के लिए शिक्षक सह संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन के साथ प्रधान पाठक देवमती पैकरा, शिक्षिका लिली मॉरिश केरकेट्टा और शिक्षक विनोद दास का विशेष योगदान रहा। संकुल प्राचार्य विनीत कुमार पाल ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेषपाल ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दिए हैं। साथ ही आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखते हुए अपने गुरुजनों के बताए गए मार्ग पर चलते हुए अपने लक्ष्य को हमेशा याद रख कर समर्पण के भाव से परिश्रम करते रहने की सलाह दिए हैं।

### हत्या के प्रयास के मामले में फरार 5 आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से उद्घोषणा जारी

**सूरजपुर।** चौकी बसदेई में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84 के तहत उद्घोषणा जारी की गई है। प्रार्थिया हसीना बीबी द्वारा 14 अप्रैल को चौकी बसदेई में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी गई है कि वह ग्राम जूर में रहती है, मो. अयूब के साथ उनका जमीनी विवाद चल रहा है। घटना दिनांक 14 अप्रैल को प्रार्थिया अपनी सास, ससुर व बहू के साथ खेत काम कर रहे थे, तभी आरोपियों ने लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने के साथ खेत के भगाने लगे और नहीं जाने पर जान से मारने की धमकी दी। हसीना बीबी के पति यासीन हफीजी मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से यासीन हफीजी पर हमला कर दिया, जिससे पति के सिर में गंभीर चोटें आई। चिकित्सकीय परीक्षण में चोट को मानव जीवन के लिए खतरनाक बताया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध घारा 296(बी), 351(3), 115(2), 191(1), 191(2), 109 के तहत अपराध दर्ज किया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो सकी। न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट भी तामील नहीं हो सका तथा पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार सभी आरोपी फरार होकर न्यायिक प्रक्रिया से बच रहे हैं। इसी आधार पर न्यायालय ने आरोपी मोहम्मद अयुब अंसारी आ. अवैस करनी, अख्तर रजा आ.मो. अयुब अंसारी, उमर रजा आ.मो. अयुब अंसारी,. असलम अंसारी आ. अनवर हुसैन व सफ़रिन निशा पति मो. अयुब अंसारी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 84 के तहत उद्घोषणा जारी करते हुए उन्हें 10 अगस्त अथवा उससे पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। चौकी बसदेई पुलिस ने जारी उदघोषणा को आरोपियों के घर के सामने चिपकाया है और उनके घर वालों के सामने एवं गांव वालों के सामने उद्घोषणा को पढ़कर सुनाया गया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी सुंदरगंज निवासी रितु राजवाड़े आ. बलीराम राजवाड़े (19 वर्ष) 13 जून की रात लगभग 10.30 बजे अज्ञात कारण से कीटनाशक पी कर आंगन में गई तभी वही तड़पने लगी। इसी बीच जब पिता बाहर निकला और बेटी को आंगन में गिरा देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवती के मुंह से कीटनाशक का गंध आने तथा पास ही कीटनाशक का डिब्बा देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चार दिन बाद भी युवती के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर परिजन रायपुर लेकर चले गए। कुछ दिन बाद युवती की तबीयत में सुधार आने पर छुट्टी कराकर वापस घर लेकर आ गए। 29 जून को युवती की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जंगल के बीच व सड़क किनारे वन विकास निगम की भूमि पर किए थे कब्जा

# महेशपुर जंगल में फिर चला प्रशासन का बुलडोजर वन भूमि पर बने 23 अवैध मकान किए जमींदोज




जेसीबी से अतिक्रमण हटाते वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

ग्राम पंचायत महेशपुर स्थित वन विकास निगम की भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व, पुलिस व वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए 23 मकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील था।

**खास बात**

- पूर्व में वन विकास निगम ने वन भूमि को कराया था कब्जा मुक्त

जानकारी के अनुसार महेशपुर जंगल क्षेत्र में अन्य जिलों से आकर कुछ लोगों द्वारा वन विकास निगम की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान एवं अस्थायी झोपड़ी का निर्माण करने लगे थे जिससे धीरे-धीरे यह कब्जा बढ़ता गया और वन भूमि पर स्थायी बसाहट का स्वरूप लेने लगा। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत महेशपुर के ग्राम वासियों ने ग्राम सभा की बैठक में वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई थी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि वन भूमि पर लगातार हो रहे कब्जे से क्षेत्र का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा था और भविष्य में यह स्थिति और गंभीर हो सकती थी। इधर राजस्व, वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान संभावित विरोध और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा सीमांकन और चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माणों को हटाया गया। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान वन विकास निगम की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए कुल 23 मकानों और अन्य निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम अजय मोडीयम, एसडीओपी, तहसीलदार माधुरी आंचला, थाना प्रभारी विराट बीसी सहित अधिकारी कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे।

#### हटाया गया था अतिक्रमण

महेशपुर जंगल क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की यह पहली कार्रवाई नहीं है। वन विकास निगम प्रेमनगर स्थित महेशपुर गांव में साल 2024 जून माह में जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से जंगल के भीतर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों पर बुलडोजर चला कर जमीदोज कर दिया था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में लगभग 40 घरों पर एक साथ पांच बुलडोजर चला कर काबिज सभी वन भूमि को खाली करा दिया गया था। इस बीच कई बार संयुक्त टीम को कब्जाधारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन बाद में फिर से कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

#### बेच देते है भूमि

ग्राम पंचायत महेशपुर के ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के बीच दूसरे जिले से लोग आकर वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करते है। जंगल की पेड़ो की कटाई कर उसी लकड़ी से झोपड़ी बनाते है। साथ ही अन्य जिले से के लोगों को अपनी जमीन का कुछ हिस्सा दिखा कर औने पौने दाम पर बिक्री कर देते है। वन भूमि पर अवैध कब्जा का खेल लंबे समय से चल है।

#### जारी रहेगा कार्रवाई

अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध की गई यह कार्रवाई शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्धेश्य से की गई है। पुनः अवैध अतिक्रमण किया गया तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

-अजय मोडीयम, एसडीएम




प्रवेशोत्सव में शामिल बच्चे।

## शासकीय कन्या स्कूल में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इस वर्ष नवप्रवेशी बच्चों को ही कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया, जिससे शिक्षा के प्रति सम्मान एवं विद्यालय से आत्मीय जुड़ाव का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।कार्यक्रम में नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ नागरिक तोलाराम जैन, श्यामा पांडेय, राजेश यादव, कृष्ण गोयल, पार्षद रविशंकर बउवा, गोपाल विद्रोही, सूरज सेठी, मोहिनी झा, अमित मित्तल, राहुल सिंह एवं प्रकाश सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- नवप्रवेशी बच्चों को बनाया गया मुख्य अतिथि

संकुल प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने संकुल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संकुल की शैक्षणिक उपलब्धियों, विभिन्न गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य आकर्षण के रूप में कक्षा 5 वीं, 6 वीं एवं 9 वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर, पाठ्यपुस्तकों एवं विद्यालयीन गणवेश का वितरण करते हुए शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 5 वीं की काजल कुशवाहा कक्षा 8 वीं की तंजीला परवीन, कक्षा 10 वीं की प्रिया सिंह तथा कक्षा 12 वीं की सायमा को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। खेल के क्षेत्र में विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित करने पर चांदनी तथा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चंचल सिंह एवं अंकिता सिंह को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के नवनिर्वाचित यूथ क्लब के पदाधिकारी छात्राओं को वरिष्ठ नागरिक तोलाराम जैन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, श्यामा पांडेय एवं मोहिनी झा ने छात्रा पदाधिकारियों को बैज पहनाकर उनका सम्मान किया। अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अंत में संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मेरी दिव्या लकड़ा, राजवंत सिंह एवं गौरीशंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ एवं पूर्व व्याख्याता रतिपाल मिश्र,अमर जैन व अन्य उपस्थित रहे।

### एकता वृक्ष अभियान के तहत एसएसपी ने पुलिस लाईन में किया पौधरोपण

**सूरजपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला स्तरीय एकता वृक्ष अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा पुलिस लाईन में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने फलदार पौधे लगाकर देश की एकता, अखंडता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एकता वृक्ष अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करके पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम बिगड़ते पर्यावरण संतुलन, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु कारगर साबित होगा। पुलिस लाईन में एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया।



### नारेबाजी के साथ किया गया पुतला दहन, सरकार पर लगाए आरोप

## नकटी गांव में बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**अंबिकापुर।** रायपुर के माना स्थित नकटी गांव में विधायक कॉलोनी बनाने के नाम पर बरसात में गरीबों के 85 घरों पर भाजपा सरकार की बुलडोजर करवाई के विरोध में शुक्रवार को सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया।



सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार ने बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती कर भरी बरसात में 85 घरों पर बुलडोजर चला दिया। इनमें 32 मकान इंदिरा आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने थे। इस गांव के ग्रामीणों को स्थानीय भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आश्वासन दिया था कि बरसात में किसी व्यक्ति का घर नहीं तोड़ा जाएगा। इस आश्वासन के बावजूद भी सोमवार को प्रशासन ने गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चला दिया। गुरुवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ग्राम नकटी के दौरे पर गए थे और प्रभावित परिवारों से उन्होंने मुलाकात की थी। इसके उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश भर में पुतला दहन के कार्यक्रम की घोषणा की। जिसके अनुसरण में आज पूरे प्रदेश के साथ सरगुजा जिले मुख्यालय अम्बिकापुर में घड़ी चौक पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। गुरुवार को नकटी गांव के दौरे के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सोसल मीडिया पर राज्य सरकार की इस कार्रवाई को अमानवीय और असंवेदनशील करार दिया था। इस घटना को लेकर भाजपा के अंदर भी सरकार और प्रशासन के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। इसे ही रेखांकित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा सांसद इस मामले में सरकार से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मानसून में लोगों के घरों को उजाड़ना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। मुख्यमंत्री को एक अक्षम प्रशासक बतलाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास आमजनता और मीडिया के सवालों का जवाब नहीं है। हर बात पर उनका बस एक ही जवाब है मोदी की गारंटी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पर सवाल उठाया कि प्रदेश के मुखिया होने के नाते प्रदेश और इसकी जनता के लिये उनकी कोई गारंटी है कि नहीं। पुलिस के साथ भारी झूमा-झटकी के दौरान पुतला दहन के इस कार्यक्रम में जेपी श्रीवास्तव, हेमंत सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, सत्येंद्र तिवारी, जग्गनाथ कुशवाहा, नुरुल अमीन सिद्दकी, दुर्गेश गुप्ता, प्रशांत सिंह चीकू, सरोज साहू, एपी शांडिल्य, डॉ. लालचंद यादव, अतुल तिवारी, रसीद अहमद, संजय सिंह, शांतनु मुखर्जी, जमील खान, लोकेश कुमार, अमित तिवारी राजा, विकल झा, जीवन यादव, धर्मेंद्र ताम्रकार, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निकी खान, सतीश बारी, शुभम जायसवाल, विनोद एक्का, हिमांशु जायसवाल, काजू खान, मालती सिंह, परवेज़ आलम गांधी आदि उपस्थित थे।

## बायो-मेडिकल वेस्ट के नियमों से समझौता नहीं, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिला मुख्यालय बलरामपुर के विभिन्न सार्वजनिक एवं संस्थागत परिसरों तथा अधोसंरचनात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड, ऑडिटोरियम, एसआरएलएम सेंटर, सखी वन स्टॉप सेंटर, निर्माणाधीन मांगलिक भवन एवं ऑफिसर्स क्लब का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण की शुरुआत में बस स्टैंड पहुंच कलेक्टर ने परिसर की साफ-सफाई, भवन की स्थिति, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात ऑडिटोरियम भवन का निरीक्षण करते हुए वहां स्थापित एयर कंडीशनर, विद्युत व्यवस्था, पंखों एवं अन्य उपकरणों की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव के लिए नगरीय प्रशासन विभाग को भेजने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मुख्यालय के वार्ड क्रमांक-2 स्थित एसआरएलएम सेंटर पहुंचीं, जहां स्व-सहायता समूह की महिलाएं घर-घर से एकत्रित कचरे का पृथक्करण कर रही थीं। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद कर कचरे के पृथक्करण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि सूखा, गीला एवं अन्य अपशिष्टों को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर उनका निष्पादन किया जाता है। कलेक्टर ने वहां स्थापित मशीनों, उपकरणों तथा कचरा पृथक्करण की पूरी प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल वेस्ट के रूप में सेग्रिगेशन शेड में सिरिंज मिलने पर कलेक्टर ने गंभीरता व्यक्त की। समूह की महिलाओं ने बताया कि यह अपशिष्ट मेडिकल स्टोर्स से निकलने वाले कचरे के साथ पहुंच रहा है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को टीम गठित कर मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करने तथा बायो-मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक एवं नियमानुसार निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मेडिकल प्रतिष्ठान नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई, आवश्यक होने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।

### पंचायत की मांग और उपयोगिता पर आधारित होंगे कार्यः कलेक्टर

बैकुण्ठपुर। बीते एक जुलाई से पूरे देश की तर्ज पर कोरिया जिले में भी वीबीजीरामजी योजना ग्रामीण लागू हो गई है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने पूरे जिले में कार्य की मांग के आधार पर प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने वीबीजीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में कार्यों के चिन्हांकन से लेकर ग्राम सभा की अनुमति, तकनीकी प्राक्कलनों को तैयार करने में जारी समस्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किए जाने के लिए जनपदों को पत्र जारी कर दिया है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पहले से अकुशल रोजगार के लिए चल रही मनरेगा योजना के अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत अनेक कार्य प्रगतिरत हैं। इन सभी अपूर्ण कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण कराया जाना है।

## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**

1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010
8839189302, 7777887992

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,

.................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।

1. आवेदक का नाम.................................... 2. पिता/पति का नाम.................................................
3. जन्मतिथि.......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम.....................पो............................तहसील..............................
जिला................................
पिन कोड.........................................मोबाईल नं. 1.......................2.........................व्हाट्सअप नं........................
6. केंद्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं).......................................................................
7. शैक्षणिक योगयताः-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार



दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला




# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।




# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सट्र्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### झमाझम बारिश से खेती के काम में आई तेजी



**कोसीर।** कोसीर अंचल में झमाझम बारिश से खेत किसानी के काम में तेजी आ गई है। रात-दिन हुई लगातार बारिश से नदी नाले जोरो से बहने लगे हैं। वहीं खेत खलिहानों में पानी पूरी तरह भराव हो गई है जिससे क्षेत्र की किसानों मे कही खुशी तो कही गम दिखाई देने लगे है। आषाण महीने में शुरुआत माह माना जाता है। जिसके फलस्वरूप किसान काफी उत्साह के साथ खेती कार्य मे व्यस्त हो जाते है और धान व अन्य फसल की बोआई मे लगे हुए है वही कुछ खेतो मे बोआई का कार्य तो हो चुका है, लेकिन आधे से अधिक किसानों की बोआई कार्य पिछड़ा हुआ है। ऐसे में शुरुआती अवसर मे ही अचानक मौसम की करवट बदलने और झमाझम बारिश हो जाने से खेतो में अधिक पानी भराव होने से खेती कार्य को लेकर चिंतित हैं।

### नवनिर्वाचित पार्षद ने ली पद की शपथ



**रायगढ़।** नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के वार्ड नंबर 6 के उपचुनाव में निर्वाचित पार्षद ललित नंदकुमार यादव का शपथ ग्रहण समारोह पीठासीन अधिकारी एसडीएम महेश शर्मा की उपस्थिति में हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के अध्यक्ष हरि किशोर चंद्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती रुखसाना इकबाल सहित भाजपा नेता गुरपाल भल्ला अजय अग्रवाल वाल्मीकि चौहान, अतुल शर्मा मंडल अध्यक्ष, अमरनाथ सिंह नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर, नगर के गणमान्य नागरिक, भाजपा नेता सहित नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र सिंह चंदेल एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### सरायपाली मार्ग में मानिकपुरी समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण



**सरसीवा।** महान संत कबीर प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष जालान ,विशिष्ट अतिथि सरसीवां नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती गुलेचन बंजारे, उपाध्यक्ष नारायण साहू एवं मानिकपूरी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष देवदास मानिकपूरी, साधुदास मानिकपुरी, सोहन दास मानिकपूरी एवं गोपाल दास मानिकपूरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम दास मानिकपुरी अध्यक्ष मानिकपुरी समाज परिक्षेत्र सरसीवां मानिकपुरी समाज की संख्या सरसीवां परिक्षेत्र में हैं। समाज के द्वारा सामूहिक प्रयास से सरसीवां सरायपाली मुख्य मार्ग मे भवन का निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। लोकार्पण कार्यक्रम में जालान ने मानिकपुरी समाज को बधाईयां दी।

### बीलिबआईएससी का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर के ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए बीलिब आईएससी बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस पाठ्यक्रम में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। परीक्षा परिणाम में विभाग के सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, रुपाली खाखा 80.75 प्रतिशत के साथ प्रथम, 80.62 प्रतिशत के साथ परीना पैकरा द्वितीय एवं 79.75 प्रतिशत के साथ देवानंद यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की सतत मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। विभाग के विभागाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है तथा डिजिटल युग में इसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए इस क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं।





## पृष्ठ 1 का शेष

### गौ हत्या के मामले ...

इनकी हुई गिरफ्तारी- विवेचना के दौरान मामले से जुड़े मुख्य आरोपी अयजक एक्का को ग्राम बिरीमडेगा से गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। उसने अपने साथियों सुशील कुजूर, प्रमोद एक्का, अगस्तुस तिर्की, व दो अन्य साथी के साथ मिलकर गौवंश वध करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने सुशील कुजूर, प्रमोद एक्का एवं अगस्तुस तिर्की को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो मोटरसाइकिल एवं टॉर्च बरामद कर जब्त किए गए हैं।

## अब आवेदन भी नहीं आ रहा, सुशासन तिहार में मिले थे केवल 127 आवेदन

# जंगल की जमीन हो गई खत्म, जारी नहीं होगा वन अधिकार पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जंगलों में भी अब पट्टा देने लायक जमीन नहीं बची है। हालात यह है कि वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन भी अब नहीं आ रहे हैं। सुशासन तिहार में केवल 127 आवेदन ही आया था उसमें भी अधिकांश लोग पात्र ही नहीं थे। ऐसे में अब वन अधिकार पट्टा जारी होने की संभावना कम है।

खास बात यह है कि जिले में बीते 20 सालों में 13 हजार 215 आदिवासियों और जंगलों में निवास करने वाले परपंरागत निवासियों को वन अधिकार पट्टा जारी किया जा चुका है। इन आदिवासियों और परपंरागत निवासियों को करीब 7 हजार 860.844 हेक्टेयर जमीन का हक मिला है। माना तो यह जा रहा है कि अन्य जिलों की तुलना में रायगढ़ में काफी संख्या में वन अधिकार पट्टा जारी किया जा चुका है। सालों से जिस जमीन पर खेती कर अपनी जीविका चलाने वाले आदिवासियों और परंपरागत निवासियों को हक देने के लिए बीते 2006 में वन अधिकार पट्टा देने का काम चालू हुआ था। शुरुआती दौर में होड़ मची थी। धीरे-धीरे इसका दुरुपयोग भी होने लगा। इसके बाद नियमों को सख्त बनाया गया ताकि जो वास्तविक हकदार है उसे ही यह पट्टा मिले। तब धीरे-धीरे आवेदनों की संख्या कम होने लगी। इन 20 सालों में 44 हजार 349 आवेदन मिला था। इसमें से 31 हजार 109 आवेदन तो किसी न किसी कारणों से निरस्त हो गए। वहीं 13 हजार 215 लोगों को वन अधिकार पट्टा जारी किया गया है।

### 4 हजार सामुदायिक वन अधिकार पट्टा जारी

जंगलों से ही अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा जारी किया गया है। याने ग्राम पंचायत को यह अधिकार पत्र दिया गया है। इसके तहत जिले में 4 हजार 93 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा वितरित किया गया है। साथ ही 251 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पट्टा भी वितरण किया गया है। इसका आशय यह है कि जंगल के संसाधनों की देखरेख और उसका उपयोग का अधिकार इनको दिया जाता है।वन अधिकार पट्टा के लिए पहले ग्राम वन अधिकार समिति के पास आवेदन लगाना पड़ता है। वहां से ग्राम सभा और फिर अनुविभाग स्तर पर उसका अनुमोदन किया जाता है। खास बात यह है कि अब यदि को आवेदन लगाता है तो उसका परीक्षण जीपीएस कोऑर्डिनेटर से की जाती है। पहले ऐसा नहीं होता था। ऐसे में अब वन अधिकार पट्टा के लिए काफी कुछ बदलाव कर दिया गया है। पहले अपात्र लोगों ने भी फायदा उठाया है।



## विशेष संरक्षित जनजाति का दर्जा पाने आयोग में करना होगा आवेदन: लकड़ा

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.आशा लकड़ा ने दो दिवसीय जशपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिले में आदिवासी समुदायों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, विकास योजनाओं और आयोग की कार्यवाही की जानकारी दी। डॉ. लकड़ा ने बताया कि पहाड़ी कोरवा को विशेष संरक्षित जनजाति (पीवीटीजी) की श्रेणी में रखा गया है, जबकि दिहाड़ी कोरवा अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आते हैं। यदि दिहाड़ी कोरवा विशेष संरक्षित जनजाति का दर्जा प्राप्त करना चाहते हैं, तो उन्हें आयोग के समक्ष विधिवत आवेदन प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जशपुर प्रवास के दौरान रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग आयोग के समक्ष रखी गई है, जो वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा खैरवार और खरवार समुदाय से जुड़े प्रकरण भी आयोग के विचाराधीन हैं। डॉ.लकड़ा ने बताया कि दो दिवसीय प्रवास के दौरान आयोग ने जिले के विभिन्न आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों और प्रमुखों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में जातिगत पहचान, भूमि, आवास एवं अन्य स्थानीय मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय समीक्षा बैठक में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में पेयजल और मोबाइल नेटवर्क की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। आयोग ने प्रशासन को आवश्यकतानुसार ओवरहेड टैंक निर्माण कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा मोबाइल टावर स्थापित कराने की दिशा में पहल करने के निर्देश दिए हैं।

- रौतिया समाज के अनुसूचित जनजाति के शामिल करना प्रक्रियाधीन

## सेजेस जशपुर में भौतिकी शिक्षकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में जिले के सभी शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में भौतिकी विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रयोग आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी एवं रुचिकर शिक्षा उपलब्ध कराना रहा।

प्रशिक्षण में ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने विभिन्न उपकरणों एवं सरल सामग्रियों की सहायता से भौतिकी के कई महत्वपूर्ण प्रयोगों का प्रदर्शन कराया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रयोग के पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि यदि कक्षा में विषयों को केवल सैद्धांतिक रूप से पढ़ाने के बजाय प्रयोगों के माध्यम से समझाया जाए, तो विद्यार्थियों की जिज्ञासा, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का बेहतर विकास होता है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे विद्यालयों में उपलब्ध



संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए नियमित रूप से प्रायोगिक शिक्षण को बढ़ावा दें, ताकि विद्यार्थी विषय को केवल याद न करें, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से समझ भी सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि स्वयं प्रयोग करते हैं तो उनकी समझ और विषय में रुचि दोनों बढ़ती हैं। किताबी ज्ञान को केवल रटने के बजाय प्रयोगों के माध्यम से सीखना अधिक प्रभावी होता है। इसी उद्देश्य से सभी विकासखंडों से आए भौतिकी शिक्षकों के साथ-साथ प्रत्येक हायर सेकेंडरी विद्यालय से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की।

### 48 प्रायोगिक कार्यों का अभ्यास

प्रशिक्षण के दौरान भौतिकी के पाठ्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर 48 प्रायोगिक कार्यों का अभ्यास कराया गया। इसमें यांत्रिकी, गति एवं ऊर्जा, बल एवं घर्षण, मापन की विभिन्न विधियां, ऊष्मा एवं विद्युत के सिद्धांत, घनत्व एवं ध्वनि, वायुदाब तथा गैसों के गुण, प्रकाश एवं प्रकाशिकी, परावर्तन एवं अपवर्तन, बर्नोली सिद्धांत, पृष्ठ तनाव तथा द्रवों के गुण जैसे विषयों से संबंधित प्रयोग शामिल रहे। प्रत्येक प्रयोग को सभी विकासखंड के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने चरणबद्ध तरीके से किया गया। विद्यार्थियों ने भी स्वयं प्रयोग कर उनके परिणामों का अवलोकन किया तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में समझा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी महिमा पट्टावी, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, सदस्य अवनीश पांडेय जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, भौतिकी विषय के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर कोटवार एसोसिएशन सौंपेगा ज्ञापन



**पुसौर।** प्रदेश कोटवार एसोसिएशन के निर्देश और आह्वान पर पूरे प्रदेश के जिला एवं तहसील मुख्यालयों में कोटवार संघ अपनी ज्वलंत समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। इसी कड़ी में पुसौर तहसील के कोटवार भी आगामी दिनांक को बस स्टैंड पुसौर में एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके लिए कोटवारों ने कई बैठकें आयोजित कर रणनीति तय की है। जानकारी के मुताबिक कोटवार अंग्रेज शासन काल से पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस सेवा के एवज में शासन द्वारा इन्हें सेवा भूमि और अत्यंत अल्प मानदेय दिया जाता है। मौजूदा मानदेय से परिवार का भरण.पोषण नहीं हो पाने के कारण कोटवारों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है।

### मटासी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**जशपुरनगर।** राज्य शासन के निर्देश एवं नवाचारी गतिविधियां समूह के रोचक थीम के अनुसार शाला प्रवेश उत्सव से मटासी ग्राम के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला -मटासी में शाला प्रवेश उत्सव का माहौल देखते ही बन रहा था शाला के बाहरी द्वारा पर शाला प्रवेश उत्सव का बैनर दो दिन पूर्व से लागाकर बच्चों को एवं पालकों को निमंत्रित किया गया जिसमें नवप्रवेशी छात्रों के पालक ग्रामीण जन मुख्य अतिथि बीडीसी संजय बंग विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक जुबराज यादव कार्यक्रम अध्यक्ष शाला समिति अध्यक्ष विश्वनाथ राम उपाध्यक्ष चंदन यादव प्राथमिक शाला के भी पालक नवप्रवेशी छात्र एवं शाला के सभी शिक्षक का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## सहकारी सप्ताह के तहत कुनकुरी में लगा स्वास्थ्य शिविर

**जशपुरनगर।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुनकुरी के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी स्थित जनऔषधि केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अनुसार आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञों ने लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा किसी भी बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। चिकित्सकों ने शिविर में आए नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न मौसमी बीमारियों से बचाव एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।




### सहकारिता और जनसेवा का प्रभावी समन्वय

कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, अपेक्स बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक शिविर का लाभ उठाया। सहकारी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह शिविर सहकारिता संस्थाओं के माध्यम से आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सहकारी सप्ताह के दौरान जिले में किसानों एवं आम नागरिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

## घर के अंदर मिली बुजुर्ग की हाथ-पैर बंधी हुई लाश

**जशपुरनगर।** जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के बोडोछापर गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव उसके ही घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक का शव घर के भीतर मिला। उसके हाथ और पैर बंधे हुए थे। इस स्थिति को देखकर प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दुलदुला पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, ताकि घटना से जुड़े अहम सुराग जुटाए जा सकें। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। दुलदुला थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि डॉग स्क्वायड को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया है, फिलहाल जांच जारी है। उन्होंने कहा कि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। हालांकि परिस्थितियों को देखते हुए हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन ठोस साक्ष्य मिलने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है, पूरे मामले की जांच जारी है।

## जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

**जशपुरनगर।** जिले की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में पात्र किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो परंतु 15वां जन्मदिन ना मनाया हो। आयु के प्रमाण हेतु आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो आईडी कार्ड मान्य किया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए जिला अस्पताल सहित जिले के



सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि पात्र बालिकाओं को आसानी से टीकाकरण का लाभ मिल सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। एचपीवी वैक्सीन उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने का प्रभावी माध्यम है। सभी पात्र किशोरियों का समय पर निःशुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं और इस जन स्वास्थ्य अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

## शहरी क्षेत्र में उपलब्धि सिर्फ 17 फीसदी, 60 फीसदी किशोरियां वैक्सीनेशन से अब भी वंचित

# एचपीव्ही टीकाकरण में फिसड्डी साबित हो रहा रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एचपीव्ही यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टीकाकरण अभियान में रायगढ़ जिला फीसड्डी साबित होता नजर आ रहा है। अब तक सिर्फ लक्ष्य के मुताबिक 40 फीसदी किशोरियों का वैक्सीनेशन किया जा सका है, जबकि अब भी 60 फीसदी किशोरियां इस वैक्सीनेशन से वंचित हैं। स्थिति यह है कि कोई भी 60 फीसदी के आंकड़ें को अब तक छू नहीं सका है।

एचपीव्ही वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिले में 12 हजार 768 किशोरियों का चयन इस वैक्सीनेशन के लिए किया गया है, लेकिन 18 जून तक की स्थिति सिर्फ 5 हजार 164 को ही यह टीका लगाया जा सका है। वहीं जिले में अब भी 7 हजार 600 से अधिक किशोरियों का टीकाकरण शेष है। जिले के आंकड़ों पर नजर डालें तो विकासखंडों के बीच प्रदर्शन में बड़ा अंतर दिखाई देता है। घरघोड़ा ब्लॉक 55 प्रतिशत कवरेज के साथ जिले में पहले स्थान पर है, जहां 887 के लक्ष्य के



मुकाबले 489 किशोरियों का टीकाकरण हुआ। इसके ठीक पीछे धरमजयगढ़ 54 प्रतिशत और लोइंग 51 प्रतिशत उपलब्धि के साथ खड़े हैं। इस टीकाकरण अभियान की स्थिति सबसे अधिक शहरी क्षेत्र में खराब है। शहरी क्षेत्र के टीकाकरण की बात करें तो लक्ष्य के मुताबिक 17 फीसदी ही किशोरियों का टीकाकरण हो सका है। यहां 2,137 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन केवल 363 किशोरियों तक ही अभियान पहुंच पाया है। यानी घरघोड़ा और रायगढ़ अर्बन के बीच टीकाकरण कवरेज में 38 प्रतिशत का अंतर है। इसके अलावा खरसिया ब्लॉक भी पीछे चल रहा है, जहां 1,686 लक्ष्य के मुकाबले 447 किशोरियों को टीका लगाया गया।

### सत्र और टीकाकरण में भारी अंतर

तुलनात्मक रूप से देखें तो तमनार ब्लॉक ने 99 प्रतिशत सत्र आयोजित किए, लेकिन टीकाकरण कवरेज केवल 49 प्रतिशत तक ही पहुंच सका। इसी प्रकार पुसौर में 97 प्रतिशत सत्र आयोजित होने के बावजूद टीकाकरण की उपलब्धि 46 प्रतिशत रही। सत्र आयोजन के लिहाज से तमनार ब्लॉक सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र रहा, जहां 95 नियोजित सत्रों में से 94 सत्र आयोजित किए गए, जो 99 प्रतिशत है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त